आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–28 जुलाई 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंटरनेशनल मैथमैटिक्स ओलम्पियॉड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने शीर्ष पांच स्थान प्रापत कर देश का नाम रोशन करने वाले इन विद्यार्थियों से बातचीत भी की। उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के कनव तलवार ने बताया कि उन्होंने ओलम्पियाड की तैयारी सातवीं कक्षा से ही शुरू कर दी थी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने असम के चराइदेव मोइदाम को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किए जाने को गर्व की बात बताया। श्री मोदी ने कहा कि चराइदेव अहोम राजवंश की पहली राजधानी थी। अहोम राजवंश के लोग अपने पूर्वजों के अवशेषों और उनके कीमती सामानों को पारंपरिक रूप से मोइदाम में रखते थे। मादक पदार्थों की समस्या की चुनौती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर परिवार की यह चिंता होती है कि कहीं उनका बच्चा ड्रग्स की चपेट में ना आ जाए। ऐसे लोगों की मदद के लिए, सरकार ने एक विशेष केंद्र खोला है, जिसका नाम है – 'मानस'। कुछ दिन पहले ही 'मानस' की हेल्पलाइन और पोर्टल को लॉन्च किया गया है। सरकार ने एक टोल फ्री नम्बर 1933' जारी किया है।

प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त नजदीक आने पर सभी लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने की अपील की। साथ ही, पेरिस ओलम्पिक में शामिल भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को आज पूरे प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सुना गया। कई जिलों में मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने आम जन के साथ इस कार्यक्रम को सुना। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को राष्ट्रीय चेतना का सशक्त माध्यम बताया है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघों की चर्चा करते हुए उनके संरक्षण के लिये यहां के बाघ मित्रों की सराहना की। प्रधानमंत्री द्वारा सराहना किये जाने पर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरूण सक्सेना, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव संजय श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

****

पेरिस ओलम्पिक के दूसरे दिन भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने आज इतिहास रच दिया। उन्होंने महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। ओलम्पिक के इतिहास में निशानेबाजी में मेडल दिलाने वाली मनु भाकर पहली भारतीय महिला हैं। उनकी इस उपलब्धि पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने बधाई दी है।

****

उत्तर प्रदेश विधानमण्डल का मॉनसून सत्र कल से शुरू होगा। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज सर्वदलीय बैठक कर सभी दलों के नेताओं से सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपील की। विधानमण्डल का यह सत्र फिलहाल संक्षिप्त रहने की उम्मीद है। इसके लिये कल से दो अगस्त तक का कार्यक्रम जारी किया गया है। सत्र के दौरान तीस जुलाई को सरकार अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत करेगी।

****

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्रा ने कहा है कि राम मंदिर का निर्माण इकतीस दिसम्बर तक पूरा हो जायेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर के दक्षिण और पश्चिमी दिशा में शेषावतार मंदिर का निर्माण भी शुरू हो चुका है। इस मंदिर में शेषावतावर की मूर्ति सफेद संगमरमर पत्थर की होगी। नृपेन्द्र मिश्रा मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने के लिये अयोध्या पहुंचे हैं। यहां मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि शेषावतार मंदिर के लिये मूर्ति बनाने के आदेश दिए जा चुके हैं। वह नवंबर तक आ भी जाएगी।

****

कांवड़ यात्रा को देखते हुए कल भोर से तीन अगस्त तक गोरखपुर से लखनऊ रूट पर यातयात डायवर्जन लागू रहेगा। गोरखपुर के एसपी ट्रैफिक ने बताया कि इस दौरान लखनऊ जाने वाले भारी वाहनों को कालेसर स्थित जीरो प्वाइंट से डायवर्ट कर बड़हलगंज के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे की तरफ भेजा जायेगा। इसी तरह देवरिया और कुशीनगर से लखनऊ जाने वाली भारी वाहनों को बाघागाड़ा से बड़हलगंज के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर डायवर्ट कर दिया जायेगा।

****

मिर्जापुर जिले के विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के खम्हरिया दमुआन गांव के सामने आज सुबह मिर्जापुर की ओर से प्रयागराज जा रही एक टूरिस्ट बस और मालवाहक ऑटो रिक्शा में टक्कर होने से तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य लोग घायल हो गये हैं। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। ऑटो रिक्शा में सवार लोग विन्ध्याचल धाम दर्शन करने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो रिक्शा के परखच्चे उड़ गये।

****

चित्रकूट जिले में भरतकूप थाना क्षेत्र के घोड़ा पहाड़ पर आज तड़के पत्थर खदान धंसने से एक जेसीबी ऑपरेटर की मौत हो गयी है जबकि अन्य कुछ मजदूरों के दबे होने की आशंका है। हादसे की जानकारी होते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और खदान क्षेत्र की बैरिकेडिंग करा कर राहत और बचाव कार्य शुरू करा दिया है।

****